# University in News on 20 April 2024

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### लविवि के २७ छात्रों को जॉब ऑफर

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण में विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा किए जा रहे रिकॉर्ड ब्रेकिंग प्लेसमेंट के तारतम्य में आज एक बार फिर शानदार प्लेसमेंट हुए। इस बार जेनपैक्ट ने रिकॉर्ड ब्रेकिंग 27 चयनित छात्रों की सूची जारी की है। कंपनी हर छात्र की जॉइनिंग तुरंत ही चाहती है। निदेशक सीपीसी प्रो.मधुरिमा लाल ने सभी चयनित छात्रों को जॉइन करने के लिए निर्देश जारी कर दिए है। चयनित छात्रों को पहले रूपये 3 एलपीए से रूपये 6 एलपीए के मध्य दिया जाएगा। प्रो.मधुरिमा लाल ने बताया कि सीपीसी नित्य प्रति ही बड़ी तादात में प्लेसमेंट करा रहा है,क्योंकि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की प्राथमिकताओं में छात्रों का गरिमायुक्त प्लेसमेंट सबसे पहले आता है। इसी कारण प्लेसमेंट्स को विशेष वरीयता है। प्रो.लाल ने ये भी बताया कि प्लेसमेंट सेल हर ड्राइव के पहले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग उस कंपनी की आवश्यकतानुसार वे स्वयं करती है ताकि हर अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पूरे विश्वास के साथ तैयार रहे।

### एलयू में प्री-समर इंटर्नशिप को लेकर छात्रों से चर्चा



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भारत की एक प्रमुख एफएमसीजी कंपनी आईटीसी ने प्री-समर इंटर्नशिप चर्चा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में एलयूएमबीए और आईसीसीएम आरटी के 100 से अधिक छात्रों के साथ बातचीत की। प्रो.संगीता साहू प्रमुख बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने मार्केटिंग मैनेजर नितिन वाधवानी और एचआर मैनेजर अपर्णा वांचू का स्वागत किया और उनके साथ अकादमिक और उद्योग इंटरफेस के लिए अधिक संभावित रास्ते पर चर्चा की। सत्र की शुरुआत आईटीसी और उसके ब्रांडों के बारे में छात्रों के ज्ञान की खोज के साथ हुई। इसके बाद एक प्रेरक व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी हुई,जिसमें आईटीसी ब्रांडों, वेरिएंट और टैगलाइन पर छात्रों का परीक्षण किया गया,जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। वाधवानी और वांचू ने बाजार में इसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त को रेखांकित करते हुए आईटीसी की भौतिक उपस्थिति के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। विविध उत्पाद पोर्टफोलियो और मजबूत वितरण चैनलों के साथ आईटीसी को सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। चर्चा में आईटीसी जैसी कंपनियों में इंटर्नशिप या करियर चाहने वाले छात्रों के लिए आवश्यक कौशल पर भी प्रकाश डाला। जिसमें वांचू ने कॉर्पोरेट वातावरण में अनुकूलनशीलता, प्रभावी संचार और समस्या-समाधान कौशल के महत्व पर जोर दिया। सत्र के दौरान छात्रों को इंटर्नशिप प्रोफाइल और समग्र रूप से कंपनी के संबंध में प्रश्न पूछने और स्पष्टीकरण मांगने का अवसर मिला।

## JAGRAN CITY PAGE III

### 27 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के 27 और छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इस बार जेनपैक्ट कंपनी में चयनित 27 विद्यार्थियों की सूची जारी की है। कंपनी हर छात्र की ज्वाइनिंग तुरंत ही चाहती है। इन्हें तीन से छह लाख रुपये का पैकेज मिलेगा। (जासं)

### प्री-समर इंटर्नशिप पर चर्चा

लखनऊ: एफएमसीजी कंपनी आइटीसी ने प्री-समर इंटर्नशिप चर्चा के लिए शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में लुंबा और आइसीसीएमआरटी के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ बातचीत की। विभाग की प्रमुख प्रोफेसर संगीता साहू ने मार्केटिंग मैनेजर नितिन वाधवानी और एचआर मैनेजर अपर्णा वांचू के साथ अकादमिक और उद्योग इंटरफेस के लिए अधिक संभावित रास्ते पर चर्चा की। (जासं)

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि के 27 विद्यार्थियों को नौकरी मिली

लखनऊ। लविवि के 27 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली है। विवि में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि जेनपैक्ट कंपनी कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई थी। इसमें 27 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को तीन से लेकर छह लाख रुपये तक का पैकेज मिला है। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू में 27 विद्यार्थियों को नौकरी मिली

लखनऊ। एलयू में 27 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। चयनितों को लाखों रुपये सालाना का पैकेज मिला है। जल्द ही कई अन्य विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट होगा। एलयू में सेन्ट्रल प्लेसमेंट सेल(सीपीसी) की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि जेनपैक्ट कंपनी कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई थी। कई विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के लिए आवेदन किया था। कई चरणों की प्रक्रिया के बाद एलयू के 27 छात्र-छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### लविवि और पुनर्वास में 37 छात्रों का प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और भाषा विश्वविद्यालयों में छात्रों के लिए रोजगार को लेकर कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। छात्रों और कंपनी के अधिकारियों द्वारा एक दूसरे साथ जानकारियां भी साझा की गईं। लखनऊ विश्वविद्यालय में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा 27 छात्रों का चयन किया गया। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल का कहना है कि 27 छात्रों को चयन सूची में शामिल किया गया है। प्लेसमेंट सेल हर ड्राइव के पहले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग करते हुए तैयार करने का कार्य भी करती रही है। इसी तरह डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नौ छात्रों को चयनित किया गया। निदेशक विराग दीक्षित बताते हैं कि चयनित नौ छात्रों में एबीए की शिवानी अग्रवाल, समर प्रताप सिंह, साक्षी मिश्रा, रिंकू कुमारी, आकांशा सिंह, बीटेक के आकाश मिश्रा, आदित्य शुक्ला, खुशहाल चौहान और रिशु पाण्डेय शामिल हैं।